**बिहार सरकार**
**सहकारिता विभाग**
**अधिसूचना**

पटना, दिनांक 04/03/2025

सं0सं0—01/रा० स्था० (नियुक्ति)—161/2024 सह० 1056 बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 69वीं सम्मिलित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर बिहार सहकारिता प्रशासनिक सेवा संवर्ग, वर्ग—2 (समूह—'ख') में नियुक्ति हेतु अनुशंसित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को अधोलिखित शर्त्तो के अधीन पे मैट्रिक्स लेवल—9 (रू0 53100—167800) में (राज्य सरकार द्वारा समय—समय पर स्वीकृत अनुमान्य भत्तों के साथ) औपबंधिक रूप से परीक्ष्यमान सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ/समकक्ष के पद पर विभागीय अधिसूचना सं0 869 दिनांक 25.02.2025 एवं अधिसूचना सं0 933 दिनांक 27.02.2025 द्वारा बिपार्ड, गया में कम्बाईंड फाउंडेशन/इंडक्शन कोर्स के प्रशिक्षण हेतु योगदान की तिथि दिनांक—31.12.2024 (अपराह्न) के प्रभाव से नियुक्त किया गया है। बिपार्ड, गया से दिनांक 01.03.2025 (अपराह्न) को प्रशिक्षण से विरमित होने के उपरांत उनके नाम के समक्ष कॉलम—8 में अंकित पद/स्थान पर अगले आदेश तक पदस्थापित किया जाता है :—

| क्रम सं० | अभ्यर्थी का नाम | रौल नं० | जन्म तिथि | गृह जिला | मेधा क्रमांक | आयोग द्वारा आवंटित आरक्षण रोस्टर | पदस्थापित पद/स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | श्री विनीत आनन्द | 111996 | 26.01.1998 | सारण | 05 | 01 | सहायक निबंधक, स०स०, कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर |
| 2. | सुश्री रितु कुमारी | 117246 | 01.01.1997 | पटना | 31 | 01 | सहायक निबंधक, स०स०, कार्यालय, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नालंदा, बिहारशरीफ |
| 3. | श्री सिद्धार्थ सिन्हा | 156040 | 03.10.1996 | सीतामढ़ी | 34 | 01 | सहायक निबंधक, स०स०, (अवकाश/प्रशिक्षण रक्षित)कार्यालय निबंधक, स0स0, बिहार, पटना। |
| 4 | सुश्री अनुप्रिया | 111367 | 12.12.1999 | सारण | 45 | 07 | सहायक निबंधक, स०स०, (अवकाश/प्रशिक्षण रक्षित)कार्यालय निबंधक, स0स0, बिहार, पटना। |
| 5 | श्री सौरभ कुमार | 301189 | 21.12.1996 | कैमूर | 211 | 02 | प्रशासी पदाधिकारी, कार्यालय, संयुक्त निबंधक, स0स0, मगध प्रमंडल, गया। |

i. प्रत्येक अभ्यर्थी को उपलब्ध कराये गये उनके अभिप्रमाणित फोटो युक्त नियुक्ति संबंधी निर्गत अधिसूचना की प्रति मूल रूप में संबंधित संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर ही उनका योगदान स्वीकृत किया जा सकेगा।

ii. सभी अभ्यर्थियों को यह निदेश दिया जाता है कि अधिसूचना निर्गत होने की तिथि के अगले दिन तक वे अपना योगदान नवपदस्थापन पद पर निश्चित रूप से समर्पित करेंगे। निर्धारित अवधि में प्रभार ग्रहण नहीं करने अथवा प्रभार ग्रहण की अवधि के विस्तार हेतु आवेदन नही करने की स्थिति में उनकी नियुक्ति रद्द करने पर नियमानुसार विचार किया जायेगा।

iii. सभी अभ्यर्थी सामान्य प्रशासन विभाग (कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग) द्वारा निर्गत संकल्प सं0–1991, दिनांक–18.01.1976 के अनुपालन में दहेज न लेने/न देने संबंधी घोषणा पत्र योगदान/प्रभार ग्रहण करते समय अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करेंगे।

iv. औपबंधिक रूप से नियुक्त पदाधिकारी अपने नियंत्री पदाधिकारी के पर्यवेक्षण में अपने कार्यालय के कार्यों का निष्पादन करेंगे।

v. वित्त विभाग के संकल्प सं0–1964 दिनांक 31.08.2005 एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत संकल्प/परिपत्रों आदि के आलोक में इनकी नियुक्ति नयी अंशदायी पेंशन योजना के अंतर्गत आच्छादित होगी।

vi. योगदान/प्रभार ग्रहण करने हेतु नवनियुक्त पदाधिकारी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
**(स्मृति कुमारी)**
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक......................................../पटना, दिनांक.........................................
**01/रा0स्था0 (नियुक्ति)–17/2024 सह॰**

**प्रतिलिपिः–** महालेखाकार (ले॰ एवं हक॰), बिहार, पटना/सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक......................................../पटना, दिनांक..........................................

**प्रतिलिपिः—** माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, बाल्मी परिसर, फुलवारीशरीफ, पटना/सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना/निदेशक, दीप नारायण सिंह, क्षेत्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान (डी0एन0एस0), पटना/निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/अपर सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/सभी उप सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/सभी संबंधित जिला पदाधिकारी/सभी संयुक्त निबंधक (प्रशासनिक एवं अंकेक्षण), सहयोग समितियाँ, बिहार/सभी उप मुख्य अंकेक्षक, सहयोग समितियाँ/सभी जिला सहकारिता पदाधिकारी, बिहार/सभी जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, सहयोग समितियाँ, बिहार/सभी नवनियुक्त सहायक निबंधक, स0स0/समकक्ष/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—08 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/—

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक.........1056............../पटना, दिनांक...04/03/2025...

**प्रतिलिपिः—** प्रभारी पदाधिकारी (ई—गजट कोषांग), वित्त विभाग, बिहार, पटना को बिहार राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ दो हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी में/आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

4/3/25

सरकार के उप सचिव।